Std: 7th Charotar English Medium School Marks:80

Date: 14/10/2019 Answer Sheet First Term Exam 2019-20 Time:3 Hours

Sub: Hindi

Section: A

- सही विकल्प चुनकर रिक्त – स्थानों की पूर्ति कीजिए। (02)

1 D) लाठी

2 B) कैम्ब्रिज में

- निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांस चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए। (02)

3 C) वहाँ उन्हें थुम्बा के लौन्चिंग स्टेशन का निरीक्षण करना था।

4 B) हवा में ठंडक होने से उसकी बाष्प जलकणों में बदल जाती है।

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए। (04)

5 टायर फटने की आवाज से डरकर मोची रास्ते पर आ गया .

6 किसी विशिष्ट व्यक्ति या प्राणी की याद कायम रखने और उसके प्रति अपना प्रेम तथा सम्मान प्रकट करने के लिए उसकी समाधि बनाई जाती है।

7 विक्रम साराभाई की माता का नाम सरला देवी और पिता का नाम अम्बालाल था।

8 गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर ने बालक विक्रम के बारे में भविष्यवाणी की थी की यह बालक बड़ा होकर बहुत यशस्वी बनेगा। ।

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्य में दीजिए (04)

9 इश्वर ने मनुष्य को अन्य प्राणीयों से अलग बनाया है। उन्हें सोचने – विचारने और कल्पना करने की शक्ति प्रदान की है। केवल मनुष्य को वाणी का अनमोल वरदान मिला है। मनुष्य जैसा सुंदर शरीर किसी अन्य प्राणी का नहीं है। इस प्रकार इश्वर ने मनुष्य को अन्य प्राणीयों से श्रेष्ठ बनाया है।

10 सेठ के यहाँ चोरो ने डाका डाला था। कुते ने चोरों का पिछा किया। दूर जंगल में जाकर चोरों ने सारा माल – सामान जमीन में गाड दिया और वहाँ से नौ – दो -ग्यारह हो गए। कुता सेठ को भौंक – भौंक कर सेठ को बताने लगा की लूटेरे आपकी दूकान को तोड़कर माल उठा ले गए है। सेठ की धोती खींचकर जंगल में ले गया और अपने पैरों से मिट्टी खोदने लगा। थोडा खोदने पर ही चुराया हुआ सारा सामान मिल गया। सेठ की ख़ुशी का कोई पार न रहा। कुते की वफ़ादारी से मुग्ध होकर सेठजी ने उसे मुक्त कर दिया।

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पांच-छः वाक्य में दीजिए। (08)

11 फोन एक उपयोगी साधन है । उसके माध्यम से लोग एक दुसरे का हाल – चाल पूछते है । फोन द्वारा सगे – सबंधियों को शुभ – अशुभ समाचार दिए जा सकते है । इस प्रकार फोन शिघ्र संदेश पहूँचाने को सर्व सुलभ माध्यम है। व्यापार में करोड़ों का लेन – देन फोन द्वारा होता है । कुछ लोग अगर फोन का उपयोग चुगलखोरी करने के लिए करते है , तो एसा नहीं कहा जा सकता की फोन चुगलखोरी करता है ।

12 टायर फटने पर टायर में हवा भरनेवाला आदमी गिर पड़ा । कुंजडीन के सिर पर से सब्जी की टोकरी जमीन पर गिरकर सारी शब्जियाँ इधर - उधर बिखर गई । डंडे पर बैठा तोता उड़ने लगा । डोरी से बंधे गुब्बारे हवा में उड़ने लगे । मोची का सामान इधर – उधर बिखर गया ।लेटा हुआ कुत्ता उठकर भागने लगा ।

13 मुझे छोटी -छोटी कविताएँ बनाकर उन्हें गाना पसंद है । चुनाव के समय अपनी मन पसंद पार्टी के पक्ष में ट्रक पर सवार होकर प्रचार करना मुझे अच्छा लगता है । मैं जोशीले नारे लगाता हूँ , कविता में उस पार्टी की विशेषताएँ और उपलब्धियां उजागर करता हूँ । मेरे इस शौक के पीछे मेरा क्या भविष्य छिपा है ,यह मैं नही जानता ।

14 पहले चित्र में निम्नलिखित क्रियाएँ हो रही है :

साईकिल की दूकानवाला साईकिल के टायर में पम्प से हवा भर रहा है । एक गुब्बारेवाला गुब्बारे बेचने जा रहा है । एक सब्जी बेचनेवाली सब्जी की टोकरी सिर पर रखकर सब्जी बेचने जा रही है । एक कुत्ता रास्ते में लेता हुआ है । दूकान के डंडे पर तोता बैठा है । सड़क पर एक बाइक चालक बाइक पर बैठकर जा रहा है । बाइक के पीछे एक रिक्शा जा रही है । रिक्शा के पीछे दो कारें है । सड़क पर एक मोची अपने सामान के साथ बैठा है और शायद ग्राहक की राह देख रहा है ।

Section:B

- सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । (02)

15 D) चिड़ियाँ

16 B) पंथो

- निम्नलिखित वाक्य पंक्ति पूर्ण कीजिए । (02)

17 जब बहुत सुबह चिड़ियाँ उठकर कुछ गीत ख़ुशी के गाती हैं,

कलियाँ दरवाजे खोल – खोल दुनिया पर मुस्काती हैं ।

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए । (04)

18 हरियाली मैदानों और बन , बागों में दिखाई देती हैं ।

19 ‘ हिन्द देश के निवासी ’ कविता में गंगा ,यमुना, ब्रह्मपुत्र ,कृष्णा ,कावेरी आदि नदियों का उल्लेख किया है

20 गरीब की हाय के लिए तुलसीदास जी ने लुहार की धौंकनी का उदाहरण दिया है।

21 सभी धर्मो का सार एक ही है – मनुष्य को बुराईयों से बचाना और उसे उन्नत बनाना है ।

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्य में दीजिए । (04)

22 हमारे देश में भिन्न -भिन्न रंग – रूप और पहनावेवाले एवं अलग -अलग भाषाएँ बोलनेवाले लोग रहते हैं । इसके बावजूद यहाँ के लोग एक हैं । इस तरह विविधता में एकता ही हमारे देश की विशेषता हैं ।

23 सुबह होने पर आकाश में तारे छिप जाते हैं । रत का अँधेरा डोर होने लगता हैं । पूर्व दिशा में सूर्योदय के पहले लाली छा जाती हैं । पंछी चहचहाने लगते हैं । कलियाँ खिलने लगती हैं । फूलों की सुगंध हवा में फैलने लगती है । इस प्रकार सोई हुई प्रकुति जाग उठती हैं। और वातावरण में ताजगी का अनुभव होता है ।

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पांच-छः वाक्य में दीजिए । (08)

24 प्रेम का धागा बहुत नाजुक होता हैं । उसे खींचने से वह टूट जाता हैं । एक बार टूट जाने पर फिर वह जुड़ता नहीं । अगर जुड़ता भी हैं तो उसमें गांठ पड़ जाती है । उसमें पहले जैसे संबंध की मधुरता नहीं रहती । इस लिए रहीम प्रेम का धागा टूट न जाए , इसका ध्यान रखने के लिए कहते हैं ।

25 मै सुबह में उठकर देखता हूँ कि पूर्व दिशा में सूर्योदय हो रहा है । चिड़ियाँ चहचहा रही है । कलियाँ खिल रही हैं । लोग अपने – अपने काम में लग रहे हैं । पाठशाला जानेवाले विधार्थी घर से निकल पड़े हैं । दूधवाला घर - घर दूध और अख़बारवाला घर – घर अख़बार पहूँचा रहा हैं ।

26 लालच व्यक्ति की बुध्धि और उसके विवेक को नष्ट कर देती है । मक्खी लालच के कारण गुड पर बैठती है और उसमें फस जाती हैं । फिर वह पछताती हैं , पर उसमें से निकल नहीं पाती उसी तरह जो व्यक्ति लालच में पड़ता हैं , वह अंत में पछताता हैं । इस लिए कबीरजी लालच को बुरी चीज कहते हैं ।

27 हमारे देश में अनेक नदियाँ हैं । उद्गम स्थान अलग – अलग हैं । वे अलग – अलग मार्गो से बहती हैं लेकिन वे अंत में सागर में मिलकर एक हो जाती हैं । इन नदियों से हमें यह संदेश मिलता है कि जैसे नदियाँ अलग – अलग होकर भी एक हो जाती हैं , उसी तरह हम भारतवासी अलग – अलग होने पर भी एक होकर रहें ।

Section-C

28 निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (03)

a) आव देखा न ताव = बिना सोचे – समजे काम करना

वाक्य : सेठजी ने आव देखा न ताव और गरीब किसान पर गोली चला दी ।

b) मार खा जाना = नुकशान होना

वाक्य :एक बार बनजारा व्यापार में मार कहा गया ।

c) पानी – पानी हो जाना = बहुत लज्जित होना

वाक्य : नौकर की चोरी पकड़ा जाने से वह पानी - पानी हो गया

29 निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । (03)

a) पंथ = राह ,रास्ता b) अनूठा = निराला,अनोखा c कुसुम = पुष्प , फूल

30 विराम चिह्नों और उनके नाम की जोड़ बनाइए। (03)

	A	B
I.	?	c) प्रश्नसूचक चिह्न
II.	!	a) उद्गार चिह्न
III.	“ ”	b) अवतरण चिह्न

31 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (03)

a) स्वकाज *परकाज b जीवित * मृत c) सत्य *असत्य

32 संज्ञा पहचानिए। (03)

I. मनुष्य अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ है।

II. नर्मदा गुजरात की सबसे बड़ी नदी है।

III. नीम गुणकारी पेड़ है।

33 निम्नलिखित वाक्यों मैं से जाती वाचक संज्ञा के आसपास◯ चिह्न कीजिए। (03)

I. शिल्पा ने चार पौधे बोए।

II. शहर के लोग सुबह शाम टहलने जाते है।

III. फूल सबको अच्छे लगते है।

34 वाक्यों को पढ़कर उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए। (02)

I. वाह ! कितना सुंदर द्रश्य है !

II. बसों में लिखा होता है , “ धूम्रपान वर्जित है। ”

35 निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए। (02)

a) अभिनेत्री b) लुटेरिन

Section-D

36 परिच्छेद पढ़कर निचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।   (04)

I. गौतम बुद्ध के उपदेशों से राजा और रंक सभी उनकी ओर आकर्षित हुए ।

II. गौतम बुद्ध के विचार उदात थे और उनकी वाणी मधुर थी ।

III. गौतम बुद्ध ने प्रेम तथा शांति का संदेश दिया ।

IV. गौतम बुद्ध का जीवन पवित्र और दिव्य था ।

37 रुपरेखा के आधार पर कहानी लेखन कीजिए ।   (04)

<u>**पानी का पैसा पानी में**</u>

महेश नाम का एक गरीब ग्वाला था । उसके पास दो भैंसे थी । उनका दूध बेचकर वह अपने परिवार का पालन करता था । उसकी आमदनी ज्यादा नहीं थी । पर वह संतोषी था ।

समय के साथ गाँव के धनि लोगों का ठाट – बाट देखकर महेश को भी अमीर बनने का लालच हुआ । अधिक धन कमाने के लिए वह दूध में पानी मिलाकर बेचने लगा । धीरे -धीरे महेश भी अमीर बन गया । उसने एक और भेंस खरीदने का विचार किया ।

एक दिन सबेरे महेश भेंस खरीदने के लिए एक बड़े गाँव की ओर चल पड़ा । रुपयों से भरी थैली उसकी कमर में बँधी थी। रस्ते में एक नदी आई । महेश ने सोचा , मैं इस नदी के शीतल जल में स्नान कर लूँ और कुछ जल पान करके कुछ आगे बढ़ूँ ।

महेश ने अपने कपडे और रुपयों से भरी थैली किनारे पर रख दी । इसके बाद वह स्नान करने के लिए नदी के पानी में उतरा । अचानक एक बंदर वहाँ आ पहुँचा । वह रुपयों की थैली उठाकर पेड़ पर चढ़ गया । वह थैली से रुपयें निकाल – निकालकर नीचे फेंकने लगा । कुछ रुपयें नदी के पानी में गिरे और कुछ जमीन पर पड़े । महेश यह देखकर हक्का – बक्का रह गया ।

महेश पानी से बाहर आया और जमीन पर पड़े रूपये इकट्ठा करने लगा लेकिन ज्यादा रूपये तो नदी के पानी में ही गिरे थे । अब महेश की समझ में आ गया कि दूध में पानी मिलाकर उसने जो रुपयें कमायें थे , वे आखिर पानी में ही चले गये । उसे बहुत पछतावा हुआ । उसने कसम खाई कि अब वह कभी दूध में पानी नहीं मिलाएगा ।

सीख : बेईमानी की कमाई कभी टिकती नहीं । आदमी को अपना व्यवसाय ईमानदारी से करना चाहिए ।

38 राष्ट्र भाषा हिन्दी का महत्व समझाते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।   (04)

१७ ,सर्वोदय सोसायटी,

गाँधी रोड ,

अमदावाद ।

१७ /१० /२०१९

प्रिय मित्र स्मित ,

सप्रेम नमस्कार ।

कल तुम्हारा पत्र मिला । यह जानकर अफ़सोस हुआ कि तुमने राष्ट्रभाषा के वर्ग में जाना बंध कर दिया है और राष्ट्र भाषा कोविद तक पढने का अपना इरादा छोड़ दिया ।

स्मित , एसा लगता है कि समाज में अब भी अंग्रेजी का बोलबाला देखकर शायद तुम्हें हिन्दी बोलना व्यर्थ लगता है , लेकिन ईएसआई बात नही हैं । गुजरात में गुजरती भाषा से हमारा काम आसानी सा चलता है , गुजरात से बाहर गुजराती हमारे काम नहीं आ सकती । दूसरें प्रांतों में जाने पर या दूसरें प्रांतों के लोगों से मिलने पर हिन्दी ही हमारे काम आ सकती है । वाही एक ईएसआई भाषा है , जिसे सारे देश के लोग बोल और समझ सकते है। हिन्दी का ज्ञान हमें अपने देश में कहीं भी परायापन महसूस नही होने देता इसके द्वारा हम सभी प्रांतों के लोगों से हिल – मिल सकते हैं और उनसे सरलता से बातचीत कर सकते है । जो राष्ट्रभाषा सारे देश के दिलों को जोडकर एक कर सकती है , उसे सीखना हम सबका कर्तव्य है ।

हमें सदा यह बात याद रखनी चाहिए कि हिन्दी राष्ट्रिय एकता , प्रेम और भाईचारे की भाषा है । व्ही भारत की भारती है । उसका अध्ययन करने में गौरव का अनुभव होना चाहिए । मुझे विश्वास है की तुम राष्ट्रभाषा की पढाई फिर से शुरू कर दोगे और अपने दैनिक व्यव्हार में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करोगे ।

शुभ कामनाओं के साथ ,

तुम्हारा मित्र ,

आसुतोष ।

39 निम्नलिखित निबंधो में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में निबंध लिखिए ।   (06)

I. अकाल

a) प्रकृति का एक रौद्र रूप   b) अकाल का स्वरूप c) अकालकी स्थिति   d)   रोकने का उपाय e) उपसंहार

II. वृक्षारोपण

a) वृक्ष – मनुष्य के मित्र b) वृक्षारोपण एक पुण्य कार्य   c)   वृक्षारोपण से लाभ   d) भौगोलिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि से वृक्षों का महत्व e)   वृक्षारोपण – परम कर्तव्य

Note: [Hand writing , grammatical mistakes & elaboration of each points will be considered]

=================== =============